आकाशवाणीश्रीविजयपुरम

दिनांक : 11.08.2026 समय : 0705

- संसद ने कराधान और अन्य विधियां संशोधन विधेयक 2026 पारित कर दिया है।
- 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में इस वर्ष 'युवा शक्ति' और राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरा होने का उत्सव मनाया जाएगा।
- 'अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर कल अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण समिति सघन आईईसी अभियान' के तीसरे चरण का उद्घाटन करेगी।
- द्वीपसमूह में अगले पांच दिनों तक एक–दो स्थानों पर तेज हवाओं के साथ भारी वर्षा होने की संभावना है।

<><><><><><><>

संसद ने कराधान और अन्य विधियां संशोधन विधेयक 2026 पारित कर दिया है। राज्यसभा ने इस विधेयक को चर्चा के बाद लोकसभा को वापस भेज दिया। लोकसभा पहले ही इस विधेयक को पारित कर चुकी है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने यह विधेयक पेश किया था। वित्त मंत्री ने स्पष्ट किया कि विधेयक में यूपीआई उपयोगकर्ताओं पर कोई कर या लेनदेन शुल्क नहीं लगाया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि छोटे व्यापारियों और उपभोक्ताओं को यूपीआई पर एमडीआर शुल्क नहीं देना होगा।

संसद ने बैंककार बही साक्ष्य विधेयक–2026 पारित कर दिया है, इस विधेयक को राज्यसभा ने मंजूरी दे दी। लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है। विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री सीतारामन ने कहा कि यह विधेयक देश को तेजी से आगे बढ़ने में मदद करेगा।

<><><><><><><>

इस वर्ष 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में 'युवा शक्ति' और 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में देश की युवा शक्ति के योगदान को प्रमुखता दी जाएगी। इसके साथ ही राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे होने का भी उत्सव मनाया जाएगा। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐतिहासिक लाल किले से करेंगे। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और राष्ट्र को संबोधित करेंगे। इस वर्ष के समारोह का एक प्रमुख आकर्षण 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने का उत्सव होगा। पहली बार स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' का सामूहिक गान होगा। समारोह की दूसरी प्रमुख थीम 'युवा शक्ति–विकसित भारत@2047 की यात्रा का नेतृत्व' है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस ने प्रातरापुर स्थित ओपन डिस्ट्रेस कैंप से फरार हुए दो म्यांमार नागरिकों को गिरफ्तार कर लिया है। प्रातरापुर, बिडनाबाद, बर्मानाला और चिड़ियाटापू के स्थानीय निवासियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार दक्षिण अंडमान जिला पुलिस और भारतीय रिजर्व बटालियन की समन्वित कार्रवाई से इन फरार नागरिकों को पकड़ लिया गया। पुलिस की ओर से खोज अभियान में सहयोग करने वाले आम नागरिकों को उचित नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान मुख्यालय की ओर से सैन्य विमानों द्वारा फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। यह अभ्यास आज, 18 और 25 अगस्त सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। इसके अलावा कल, 14, 19, 21 और 28 अगस्त को भी दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। इस दौरान संबंधित क्षेत्र के लोगों से स्वयं को तथा अपने जहाजों को फायरिंग रेंज से दूर रखने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान उप शिक्षा अधिकारी द्वारा युवा शिक्षार्थियों के बीच खेल भावना, शारीरिक फिटनेस और समग्र विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्कूली बच्चों के लिए रोड रेस का आयोजन

किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन 17 अगस्त, को सुबह 6 बजे नेताजी स्टेडियम में किया जाएगा।

<><><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर कल अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण समिति 'सघन आईईसी अभियान' के तीसरे चरण का उद्घाटन करेगी। इस संबंध में टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय सभागार में सुबह 9 बजकर 15 मिनट से कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सघन आईईसी अभियान का उद्देश्य युवाओं और समुदायों के बीच एचआईवी, एड्स और अन्य यौन संचारित संक्रमणों के प्रति जागरूकता को बढ़ाना है। कार्यक्रम मेंएचआईवी और एड्स (रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 2017 के अलावा, राष्ट्रीय एड्स टोल–फ्री हेल्पलाइन 1097 सहित उपलब्ध सेवाओं से संबंधित जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर स्वास्थ्य सचिव वंदना राव मुख्य अतिथि और स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. एच. एम. सिद्धराजू विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। यह अभियान दो महीने तक चलेगा, जिसमें जागरूकता गतिविधियों सहित सरकारी अस्पतालों में विशेष शिविर लगाए जाएंगे। इस दौरान रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारियों और विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के एक–दो स्थानों पर आज और अगले पांच दिनों तक तेज हवाओं के साथ बौछारें पड़ने और निकोबार द्वीपसमूह में एकाध स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। इस दौरान हवा की गति बढ़कर 55 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती हैं। मछुआरों को 14 अगस्त तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में विभिन्न 9 स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन आज से 17 अगस्त तक ऑफलाइन माध्यम से संबंधित विभागों में जमा करने होंगे। अस्थाई वरीयता सूची 19 अगस्त को जारी की जाएगी।

दावे और आपत्तियां 20 अगस्त तक जमा किए जा सकते हैं। अंतिम वरीयता सूची का प्रकाशन 21 अगस्त तथा परामर्श 22 अगस्त, को आयोजित होगा। आवेदन पत्र कॉमन कॉलेज एडमिशन पोर्टल से डाउनलोड किए जा सकते हैं। नियमित कक्षाएं 24 अगस्त से शुरू होंगी।

उधर, अंडमान कॉलेज में स्नातक पाठ्यक्रमों के रिक्त पड़े सीटों पर सीधे प्रवेश लिया जाएगा। इसके लिए कल से 14 अगस्त तक दोपहर ढाई बजे अंडमान कॉलेज के सम्मेलन कक्ष में उम्मीदवारों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने को कहा गया है।

<><><><><><><>

मुख्य भूमि के संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए द्वीपसमूह के छात्रों के लिए आरक्षित विभिन्न व्यावसायिक, तकनीकी और गैर–तकनीकी पाठ्यक्रमों के आवंटन हेतु आवेदन करने वाले सभी संबंधित उम्मीदवारों से कहा गया है कि इन सीटों के लिए जारी अस्थाई वरीयता सूची अंतिम वरीयता सूची मानी जाए। बी.एड. (भोपाल), बी.ई., बी.टेक. लैटरल एंट्री और स्नातकोत्तर की रिक्त सीटों के साथ विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए परामर्श 20 अगस्त को सुबह 10 बजे से टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में आयोजित की जाएगी। इच्छुक उम्मीदवारों अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि में उपस्थित होने को कहा गया है। बची हुई सीटों को मेरिट के अनुसार बाद में आवंटित किया जा सकता है।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में भूतापीय आकलन एंव विकास के लिए एजेंसियों से अभिरूचि की अभिव्यक्ति के लिए आमंत्रित करने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार ने अपनी बड़ी खबर बनाई है। इसके अलावा अखबार ने कल टैगोर कॉलेज में अंतराष्ट्रीय युवा दिवस आयोजित करने के समाचार को भी प्रमुखता दी है। द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने उप–राष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन द्वारा फ्लैग प्वाइंट पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत झंडा फहराने के समाचार को सचित्र प्रकाशित किया है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा टी बी देखभाल और जनभागीदारी बढ़ाने के लिए टीबी मुक्त भारत ऐप

लांच करने के समाचार को इंफो इंडिया ने, जबकि द इको ऑफ इंडिया ने भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सेल्यूलर जेल से गांधी प्रतिमा तक तिरंगा रैली निकालने के समाचार को अपनी बड़ी खबर बनाई है।

**<><><><><><><>**